महत्वपूर्ण एवं खास

बोन फिक्स नहीं देने पर दुकानदार को चाकू दिखाकर गल्ले से 5 सौ रूपये की लूट, मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। दुकान में घूसकर चाकू दिखाकर बोन फिक्स मांगा नहीं देने पर दुकानदार के गल्ले से 500 रूपये निकालकर फरार हो गया। घटना के रिपोर्ट उरला थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार शुभम श्रीमाल के सामने बिरगांव उरला निवासी अनिल कुमार सेन 43 वर्ष पिता इंद्रपाल सेन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि प्रार्थी के दुकान में चाकू दिखाकर मोनू खान 19 वर्ष पिता नईम खान शहीद नगर बिरगांव निवासी ने बोन फिक्स मांगा नहीं देने पर चाकू दिखाकर गल्ले से 5 सौ रूपये निकालकर आरोपी फरार हो गया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट 25, 27 के तहत 392 लूट की धारा दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी में जुटी है।

नाबालिग ने खुद को किया कमरे में बंद, लगाई आग, गम्भीर

जांजगीर (आरएनएस)। जिले के थाना नवागढ़ में मंगलवार की सुबह 9 बजे ग्राम तुलसी में एक नाबालिग ने खुद को आग के हवाले कर लिया। सूचना पर तत्काल डॉयल 112 की टीम पहुंची। पुलिस मौक पर पहुंचकर आहत राजेशवरी यादव पिता गणेश यादव उम्र 16 साल को इलाज के लिए नवागढ़ में भर्ती कराया। किशोरी घर के एक कमरे को बंद कर खुद को आग लगा ली। आग से बुरी तरह झुलसी किशोरी को आनन-फानन में ईलाज के लिए सीएचसी नवागढ लाया गया। नाबालिग खुदकुशी का क्यों प्रयास कर रही थी, इसकी जांच पुलिस कर रही। घटना से गांव में सनसनी फैली हुई है।

सर्पदंश से 2 बच्चों की मौत

जगदलपुर (आरएनएस)। सुकमा जिला मुख्यालय से लगभग 8 किमी की दूरी में स्थित ग्राम झापरा में सोमवार की देर रात गणेश पंडाल में सोए हुए दो बच्चों की सांप के काटने से मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार गणेश चतुर्थी के अवसर पर यहां के बच्चों ने गणेश पंडाल का निर्माण किया था। देर रात दिनेश पोड़ियाम और नुप्पो अनो गणेश पंडाल में सो रहे थे। इसी दौरान किसी जहरीले सांप ने दोनों बच्चों को डस लिया, जिससे दोनों बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई है।

सड़क पर मवेशियों के जमावड़े से हो रही दुर्घटना

महासमुंद (आरएनएस)। एनएच फोरलेन पर मवेशी घूमते हुए रात में सड़कों पर बैठ जाते हैं। इससे बड़ी दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। मवेशियों के कारण आएदिन बाइक, हाईस्पीड कार, ओवरलोड गाडियों का दुर्घटनाग्रस्त होना आम हो गई है। एनएच पर मवेशी डिवाइडर में लगी घास के कारण लालच में चरने आ जाते हैं और दुर्घटनाओं का बड़ा कारण बनते हैं। डिवाइडर से अचानक मवेशी सामने आ जाते हैं जिससे दुर्घटना होने की संभावना बढ़ जाती है। नदी चौक ओव्हरब्रिज के ऊपर, नांदगांव रोड, करनैल ढाबा, कोंदा ढाबा, भावेश ऑटो केयर आदि के पास रात में मवेशी बैठे रहते हैं।

ढाबे से एमपी की 15 बोरी शराब बरामद

महासमुंद (आरएनएस)। संभागीय उडनदस्ता की टीम ने रविवार को पटेवा थाना क्षेत्र में दबिश देकर बड़ा खुलासा किया। टीम ने दबिश दी तो शेरे पंजाब ढाबे पर 15 बोरियों में मध्यप्रदेश निर्मित देशी-विदेशी शराब पकड़ी। जब्त शराब में 7 बोरी देशी (कुल 336 शीशी) व 8 बोरी विदेशी (कुल 384 पाव) शराब शामिल है। आरोपियों पर मामला दर्ज कर टीम ने न्यायिक रिमांड में जिला जेल भेजा है। आबकारी सचिव निरंजन दास के मुताबिक मुखबिर की सूचना पर डिप्टी कमिश्नर राय सिंह ठाकुर के नेतृत्व में संभागीय उडनदस्ता टीम ने दोपहर में ढाबे पर दबिश दी। आरोपियों में पिथौरा थाने के ग्राम छिबर्रा निवासी तारेंद्र उर्फ तारण निर्मलकर व पटेवा थाने के ग्राम कोडार निवासी राकेश वर्मा शामिल हैं। दोनों पर आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर जेल भेजा है।

अमित जोगी गिरफ्तार, आक्रोशित हुए समर्थक

» गौरेला थाने के बाहर जमकर कर रहे प्रदर्शन

» पुलिस कार्रवाई राजनीतिक साजिश- ऋचा जोगी

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी के बेटे एवं पूर्व विधायक अमित जोगी को बिलासपुर जिले की गौरेला थाना पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर थाना ले जाकर पूछताछ कर रही है। अमित जोगी की पत्नी ऋचा जोगी ने इस कार्रवाई को राजनीतिक साजिश बताया है।

विदित हो कि अमित जोगी के खिलाफ गौरेला थाने में धारा 420 का प्रकरण दर्ज किया गया है। ये प्रकरण 2013 में मरवाही विधानसभा क्षेत्र से भाजपा की प्रत्याशी रही समीरा पैकरा ने दर्ज कराया था। शिकायत के मुताबिक जोगी ने शपथपत्र में अपना जन्म स्थान गलत बताया था। इसको लेकर समीरा पैकरा बार-बार मांग कर रही थी कि अमित जोगी को गिरफ्तार किया जाए। इसको लेकर समीरा ने प्रदर्शन भी किया था। आज पुलिस ने इस मामले में अमित जोगी को उनके मरवाही सदन से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार करने के बाद अमित जोगी को गौरेला थाना लाया गया है, जहां उनसे पूछताछ जारी है। इधर अमित जोगी की गिरफ्तार के बाद उनके समर्थकों में भारी आक्रोश है। आक्रोशित समर्थक भारी संख्या में गौरेला थाना के बाहर एकत्र होकर अमित जोगी के पक्ष में नारेबाजी कर रहे है।

इस मामले में पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी ने अपना जारी बयान में कहा है कि छत्तीसगढ़ में अब कानून का राज नहीं है, यहां जंगल का राज मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कायम कर रखा है। उन्होंने कहा कि इस मामले में अमित जोगी के पक्ष में हाईकोर्ट का फैसला पहले ही आ चुका है और यदि भूपेश सरकार की पुलिस उस फैसले के खिलाफ जाकर अमित जोगी को गिरफ्तार कर रही है तो ये कोर्ट की अवमानना है। अमित जोगी की पत्नी ऋचा जोगी ने भी पुलिस की इस कार्रवाई को राजनीतिक साजिश बताया है। समाचार लिखे जाने तक गौरेला थाना के बाहर तनाव की स्थिति बनी हुई है।

यात्री ट्रेनों में टिकटों की जांच से मच रहा हड़कंप

जगदलपुर सितंबर (आरएनएस)। जगदलपुर से निकलने वाली यात्री ट्रेनों में अभी तक बिना टिकट यात्रा करने वाले निर्भयता के साथ यात्रा करते थे। लेकिन अब यात्री ट्रेनों में टिकटों की जांच शुरू हो गई है। इससे अवैध तरीके से यात्रा करने वाले यात्रियों में हड़कंप मचा है।

जानकारी के अनुसार इस समय रेलवे द्वारा टिकटों की जांच की मुहिम छेड़ी गई है, जिससे प्रतिदिन सैकड़ों यात्री बिना टिकट यात्रा करते हुए पकड़े जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि अन्य प्रमुख स्टेशनों के समान जगदलपुर स्टेशन में भी जांच शुरू हो गई है और रेलवे के अधिकारी स्टेशनों सहित यात्री ट्रेनों में प्रत्येक यात्री के टिकटों की जांच कर रही है। इस संबंध में रेलवे के एसएमआर अमित कुमार ने जानकारी दी कि बस्तर से होकर 6 यात्री ट्रेनें चलती हैं और सभी के आने जाने का समय अलग-अलग है। इन ट्रेनों के आने और जाने के समय स्टेशन में भीड़ भी यात्रियों की बढ़ जाती है, इसे देखते हुए स्टेशन के मुख्य द्वार पर यात्रियों के टिकटों की जांच की जा रही है।

लाखों रूपये का तार लेकर 12 बोगस चेक देकर किया धोखाधड़ी, मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। तार प्रोडक्ट कंपनी भनपुरी से तीन ट्रक तार खरीदकर 28 लाख 31 हजार 4 सौ 52 रूपये का बोगस 12 चेक देकर धोखाधड़ी किए जाने की रिपोर्ट खमतराई थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार सदर बाजार कोतवाली निवासी इंदरचंद धाड़ीवाल ने 2 मार्च 19 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि बेटे राजेध धाड़ीवाल के नाम से भनपुरी खमतराई में तार प्रोडक्ट कंपनी है। 02.03.2019 को बड़ौदा गुजरात कि एक फर्म एआर लेमिनेटर के प्रोप्राईटर अमिनेश ऊर्फ अमित देसाई ने प्रार्थी के फैक्ट्री में आकर करीब 28 लाख रूपये का कोलतार पिच व्यापार करने के लिए खरीदा व 12 चैक में रकम भरकर दिया, हमने चैक के पेटे माल देने से मना किया तो उसमें यह आश्वासन दिया कि जो चैक मैं आपको दे रहा हूं वे उसमें उल्लेखित तारीखों में अवश्य ही बैंक द्वारा भुगतान हो जाएगा। उन 12 चैकों पर भरोसा कर फर्म ए आर लेमिनेटर के प्रोप्राईटर अमिनेश ऊर्फ अमित देसाई के द्वारा भेजे गए तीन ट्रक में दिनांक 05.03. 2019 को बिल नंबर 142 में कुल वजन 15.990 टन तार, दिनांक 17.03.2019 को बिल नंबर 147 में कुल वजन 16.900 टन तार, दिनांक 27.03.2019 को बिल नंबर 149 में कुल वजन 20 टन तार कुल जीएसटी सहित कीमत 28,31,452.48 रूपये का भेज दिया, जो माल प्राप्ती की स्वीकृति दिया है। हमनें चैक में उल्लेखित तारीखों में बैंक में चैक डाले तो चैक स्टप पेमेंट के कारण बैंक से

वापस हो गया, अब तक 12 चैक में से 03 चैक बैंक में जमा हो चुका है। एक भी चैक का रकम प्राप्त नहीं हुआ है तब अधिवक्ता सी के दानी एडव्होकेट से दिनांक 21.06.2019 को नोटिस भेजकर 07 दिनों के अंदर पूरी रकम की मांग की तो भी हमें आज दिनांक तक रकम नहीं मिली। पुलिस ने जांच के बाद आरोपी के खिलाफ धारा 420 के तहत धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर अपराध कायम कर लिया है।

रेलवे पुलिस की सजगता से 12 घन्टे के भीतर मिला अपहृत बालक

दुर्ग/महासमुंद (आरएनएस)। रेलवे पुलिस की सजगता से सोमवार को शाम को बागबहरा से अपहृत मासूम को सुरक्षित बरामद किया गया। बच्चा स्टेशन परिसर में बने हनुमान मंदिर के पास शाम करीब 6 बजे अकेला कंकड़ से खेल रहा था। रेलवे पुलिस की नजर उस पर पड़ी तो उसे जीआरपी चौकी लाया गया। मासूम वरुण बारिक के मिलने की सूचना रेलवे एसपी को दी गई। इसके बाद महासमुंद से आई पुलिस की टीम को मासूम को

सौंपा गया। उसे अपहरण कर लाने वाले आरोपियों का पता नहीं चला।

रेलवे पुलिस को सूचना मिली थी कि एक मासूम का अपहरण कर आरोपी रायपुर-दुर्ग की ओर भागा है। सूचना के आधार पर चौकी प्रभारी राजेन्द्र सिंह ने स्टाफ को हर गाड़ी पर नजर रखने और कुछ सिपाहियों को स्टेशन के आसपास खोजबीन करने कहा था। सूचना मिलते ही महासमुंद पुलिस से बच्चे का फोटो मंगाया गया। फोटो को रेलवे जीआरपी ग्रुप में वायरल किया गया।

चौकी प्रभारी दुर्ग ने उस फोटो को अपने स्टाफ के वाट्सऐप में वायरल किया। वायरल हुए फोटो को देख जीआरपी ने मासूम की पहचान की। पुलिस ने बताया कि वरुण बारिक पिता पुररू बारिक वार्ड 8 बागबाहरा निवासी है। उसे महासमुंद के एक युवक ने अपहरण किया था। पुलिस ने रेलवे पुलिस की मदद ली और सभी स्टेशनों के आरपीएफ व जीआरपी को अलर्ट किया गया।

रेलवे स्टेशन में मासूम के गुम होने की उद्घोषणा भी की गई। रेलवे पुलिस को संदेह है कि उद्घोषणा सुनने के बाद आरोपी युवक घबरा गया और वह स्टेशन से बाहर मासूम को मंदिर के पास छोड़ फरार हो गया।

चुनाव के मद्देनजर समूचे दंतेवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में हो रही सुरक्षा बलों की तैनाती

जगदलपुर (आरएनएस)। नक्सल प्रभावित क्षेत्र दंतेवाड़ा में उप चुनाव पर नक्सली साये को लेकर सुरक्षा सख्त कर दी गई है। यहां के विधायक रहे भीमा मंडावी को नक्सलियों ने निशाना बनाया था, इसीलिए अभी से पूरे इलाके में सतर्कता बढ़ा दी गई है। उपचुनाव की तारीख घोषित होने के बाद एक जनप्रतिनिधि की और हत्या हो चुकी है। पुलिस का कहना है कि सभी थानों को अलर्ट किया गया है। सुरक्षा बल लगातार इलाके में गश्त कर रही है। चुनाव के मद्देनजर संदिग्धों की गिरफ्तारी के साथ-साथ ऑपरेशन भी चलाए जा रहे हैं। पूरे दंतेवाड़ा इलाके में चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। कोई अनहोनी ना हो इसको ध्यान में रखते हुए वीआईपी मूवमेंट पर विशेष नजर रखी जा रही है। नक्सलियों के अचानक हमलों से निपटने इंटेलिजेंस, आकस्मिक जांच और ऑपरेशन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

एक लाख का ईनामी नक्सली डीएकेएमएस अध्यक्ष गिरफ्तार

जगदलपुर (आरएनएस)। बीजापुर जिले की कुटरू थाना पुलिस ने जंगल में दबिश देकर एक लाख के ईनामी डीएकेएमएस अध्यक्ष पंडरू तेलम को गिरफ्तार किया है।

बस्तर आईजी विवेकानंद सिंहा ने बताया कि थाना कुटरू से संयुक्त पुलिस टीम केतुलनार की ओर गश्त सर्चिंग व नक्सल आरोपियों-वारंटियों की पता तलाश में रवाना की गयी थी। मुखबीर की सूचना के आधार पर ग्राम केतुलनार से फरार नक्सली स्थाई वारंटी पण्डरू तेलम को पकड़ने में सफलता अर्जित की गई। तेलम पण्डरू संगठन में डीएकेएमएस अध्यक्ष के पद पर कार्यरत है।

धारित पद पर छ0ग0 शासन द्वारा एक लाख का ईनाम घोषित है। पंडरू, ग्राम केतुलनार के सरपंच का अपहरण कर हत्या करने की घटना में शामिल रहा है। पुलिस को इसकी लंबे समय से तलाश थी।

बस्तर में 1200 हेक्टेयर में नारियल की खेती कर रहे 700 किसान

जगदलपुर (आरएनएस)। धान व सब्जियों की खेती के बाद बस्तर के किसान पिछले कुछ सालों से नारियल की खेती कर रहे हैं। कम समय में अधिक उत्पादन और लंबे समय तक फल देने से इसकी खेती करने वाले किसानों की संख्या लगातार बढ़ रही है। पांच साल पहले तक जहां इस फसल की खेती बमुश्किल 100 किसान करते थे। लेकिन अब इसकी खेती 700 किसान 1200 हेक्टेयर में कर रहे हैं।

उद्यानिकी विभाग की

वैज्ञानिक डॉ. बीना सिंह की माने तो दक्षिण भारत और समुद्र तट से नजदीक होने के कारण छत्तीसगढ़ के बस्तर अंचल के बीजापुर, दंतेवाड़ा आदि जिलों में भी केरल की तरह नारियल की खेती की काफी संभावनाएं हैं। नारियल के साथ दूसरी फसल भी ली जा सकती है।

उद्यानिकी कॉलेज के वैज्ञानिक किसानों को नारियल की खेती की जानकारी दे रहे हैं। वे नारियल के बस्तर केरा किस्म के 3500 पौधे तैयार कर रहे हैं। सरकारी योजना के तहत किसानों को ये पौधे 10 रुपए के हिसाब से दिए जाएंगे।

विश्व नारियल दिवस पर कृषि महाविद्यालय में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। वैज्ञानिक डॉ. बीना सिंह, डॉ. मनीष कुंजाम, आरएस नेताम, डॉ. एके ठाकुर और जेएल सलाम के साथ अन्य वैज्ञानिकों ने किसानों को नारियल की खेती के फायदे बताये। सिंह ने कहा कि कोई भी किसान अपने खेत में नारियल के पौधे लगाने के साथ ही अन्य फसल भी ले सकता है, इसे खेतों की मेड़ पर लगाया जा सकता है। उद्यानिकी विभाग के उपसंचालक अजय कुशवाहा और कृषि महाविद्यालय के डीन एचसी नंदा ने एक दर्जन से अधिक किसानों को नारियल के पौधे दिए। इस दौरान डॉ. डीपी चंद्राकर, आरआर भंवर और डॉ. एससी मंडावी, राजेश पटेल मौजूद थे।

तेलुगू सिनेमा में अपनी वापसी को लेकर रोमांचित हैं नंदिता

अभिनेत्री नंदिता दास एक दशक बाद राणा दग्गुबती स्टारर फिल्म 'विराटपर्वम' से तेलुगू इंडस्ट्री में अपनी वापसी को लेकर रोमांचित होने के साथ-साथ थोड़ी सी घबराई हुई भी हैं।

नंदिता ने इस फिल्म के लिए शूटिंग भी शुरू कर दी है। उन्होंने कहा है कि उन्होंने इस फिल्म को इसलिए स्वीकार किया क्योंकि वह निर्देशक की दृष्टि में यकीन रखती हैं।

नंदिता ने एक बयान में कहा, ''मैं स्क्रिप्ट, निर्देशक की दृष्टि और मेरे

किरदार के लिए यह फिल्म कर रही हूं। मुझे इस बारे में कोई आईडिया नहीं है कि मैंने किसको रिप्लेस किया है और यह किस तरह से मायने रखती है। हैदराबाद में मैंने फिल्म के लिए शूटिंग शुरू कर दी है। तेलुगू में बात करने को लेकर नर्वस हूं।''

वेणु उदुगला इस फिल्म के निर्देशक हैं और इस फिल्म में राणा और साई पल्लवी मुख्य किरदारों में हैं।

नंदिता ने कहा कि वह एक छोटा, लेकिन महत्वपूर्ण किरदार निभा रही हैं।

90 के दशक पर आधारित यह फिल्म नक्सली आंदोलन, खासकर उस नैतिक दुविधा पर प्रकाश डालती है जो उस वक्त प्रबल सीमा पर थी।

जरीन खान खामियों को स्वीकार करना पसंद करती हैं

अभिनेत्री जरीन खान का कहना है कि वह अपनी खामियों को ढकने की बजाए गर्व से स्वीकार करती हैं। इंस्टाग्राम पर उन्होंने एक फोटो साझा किया था, जिसमें उनके पेट पर स्ट्रेच मार्क नजर आ रहे थे, जिसे ट्रोल किया गया था।

उसके बाद जरीन ने कहा, जो लोग यह जानने को उत्सुक हैं कि मेरे पेट में क्या गड़बड़ है तो यह किसी आदमी का सामान्य पेट है, जिसने अपना वजन 15 किलो कम किया है। अगर फोटोशॉप नहीं किया जाए या सर्जरी करवा कर ठीक नहीं किया जाए तो उस व्यक्ति की फोटो

में उसका पेट ऐसा ही दिखेगा।

उन्होंने कहा, मैं उन लोगों में हूं, जो वास्तविक दिखना चाहते हैं और अपनी खामियों को गर्व के साथ स्वीकार करते हैं।

उनकी अगली फिल्म हम भी अकेले तुम भी अकेले जल्द आ रही है। यह दो अलग किस्म के लोगों की कहानी है, जो एक-दूसरे से मिलते हैं और उनमें रिश्ता कायम होता है।

आपकी स्किन का सुपरफ्रूट है स्ट्रॉबेरी, जानें फायदे

स्ट्रॉबेरी और हेल्थ, इन दोनों का गहरा नाता है। स्ट्रॉबेरी न सिर्फ एक यमी फ्रूट है बल्कि सेहत का खजाना है। इसमें भरपूर ऐंटी-ऑक्सिडेंट्स और विटमिन सी होता है जिसकी वजह से इसके कई हेल्थ बेनिफिट्स हैं। सिर्फ हेल्थ बेनिफिट्स ही नहीं बल्कि इसमें कई ब्यूटी सीक्रेट्स भी हैं।

स्ट्रॉबेरी आपकी स्किन के लिए सुपरफ्रूट है। स्ट्रॉबेरी आपकी स्किन की बड़ी से बड़ी प्रॉब्लम की नैचरल दवा है। आप जिन स्किन प्रॉबलम्स के लिए लंबे समय से महंगे ब्यूटी प्रॉडक्ट्स इस्तेमाल कर रही हैं, उन प्रॉब्लम्स को स्ट्रॉबेरी चुटकियों में छू-मंतर कर सकती है।

मुहांसे से लड़े - स्ट्रॉबेरी आपकी स्किन को मुहांसों से बचाती है। स्ट्रॉबेरी में मौजूद ऐंटी ऑक्सिडेंट मुहांसे दूर करने में मदद करते हैं। इसके लिए स्ट्रॉबेरी का पेस्ट बनाके ऐलेवेरा ऑइल या ऐलोवेरा जेल में मिक्स कर लें। इसे चेहरे में लगाकर 20-30 मिनट के लिए छोड़ दें और फिर पानी से धो लें।

डार्क सर्कल - स्ट्रॉबेरी डार्क सर्कल दूर करने की नैचरल दवा है। यह डार्क सर्कल और आंखों की सूजन को दूर करती है। इसके लिए स्ट्रॉबेरी को करीब 30 मिनट के लिए फ्रिज में छोड़ दें। इसके बाद इसके टुकड़े काट लें और डार्क सर्कल पर रखें। आपको इसका फायदा तुरंत देखने को मिलेगा।

ऐंटी-एजिंग - इसमें मौजूद ऐंटी-ऑक्सिडेंट्स के कारण यह एक

बेहतरीन ब्यूटी प्रॉडक्ट है। स्ट्रॉबेरी आपकी स्किन से रिंकल्स, फाइनलाइन और रूखेपन की भी छुट्टी कर सकती है। इसके लिए स्ट्रॉबेरी का जूस काफी फायदेमंद है।

फेशल क्लीनजर - ज्यादातर स्किन समस्या धूल और गंदगी की वजह से होती है। भागदौड़ के बीत अकसर आप अपनी स्किन का ख्याल नहीं रख पाती हैं और आपको पता भी नहीं चलता है कि आपके चेहरे पर कितनी गंदगी जमा हो गई है। लेकिन अगर आप स्ट्रॉबेरी खाना पसंद करती हैं तो आपको चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है।